**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


**दुर्ग, दिनांक 26.01.2022**

# गर्ल्स कॉलेज में
# गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत देशभक्ति पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका अवलोकन प्राध्यापकों, छात्राओं ने किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने भाग लिया जिन्हें प्रमाण पत्र दिए गए। कु. प्रज्ञा कौशिक एवं किरण सोनबेर के पोस्टर सराहे गये। सभी विजेता प्रतिभगियों को यूथ रेडक्रॉस के द्वारा पुरस्कार दिए गए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के नैक मूल्यांकन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया।

यूजीसी के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया।






(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# //रिपोर्ट//

## कार्यक्रम : गांधी जयंती समारोह 02/10/2021

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रंख्ला के अंतर्गत गांधी जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएँ एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया।

''महात्मा गाँधी के सपनों का भारत'' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर – वाणी दिल्लवार (एम.ए.–III अंग्रेजी), द्वितीय – प्रगति निषाद (बी.ए.–2) एवं तृतीय स्थान पर खुशबू हरमुख (एम.ए.–I हिन्दी) रहीं।

वहीं गांधी के विचार आज का भारत विषय पर आयोजित परिचर्चा में प्रथम स्थान पर प्रीति पारधी (बी.एससी–2 बायो) तथा द्वितीय स्थान पर गरिमा (बी.ए.–3) एवं तृतीय स्थान पर वाणी दिल्लीवार रहीं।

गांधी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि गांधी जी के विचार प्रासंगिक है। उनके द्वारा बताये गये मूल्य स्वाधीनता, स्वदेशी, स्वराष्ट्र, स्वतंत्रता समता सत्याग्रह और स्वच्छता केवल शब्द नहीं है, अपितु मानवीय जीवन के प्रमुख हिस्सा हैं।

हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने महात्मा गांधी के विचारों का छत्तीसगढ़ पर पड़े गहरे प्रभाव को बताया एवं उनसे प्रभावित छत्तीसगढ़ के प्रबुद्ध सेनानियों के संघर्ष को बताया।

इस अवसर पर छात्राओं की ओर से प्रीति निषाद, गरिमा एवं वाणी ने अपने–अपने विचार रखे तथा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

आई.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ. अमिता सहगल, वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन सहित प्राध्यापक एवं छात्रायें उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तरमहाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# / / फोटोग्राफ / /

**कार्यक्रम : गांधी जयंती समारोह 02 / 10 / 2021**






प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांकः 11.03.2022

## //प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में
# मेरा वोट मेरा भविष्य कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित ''मेरा वोट मेरा भविष्य'' तथा एक वोट की शक्ति'' के तहत राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताओं के संबंध में जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय, दुर्ग के श्री मुकेश सिंह ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि राष्ट्र के उज्जवल भविष्य हेतु मतदाताओं की जागरूकता आवश्यक है। हमें अपने वोट की शक्ति को पहचानना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएँ युवा मतदाताओं को सक्रिय करने का प्रयास है।

नोडल अधिकारी डॉ. विजय वासनिक ने प्रतियोगिता के संबंध में छात्राओं को विभिन्न जानकारियाँ दी। कार्यक्रम का संचालन कु. प्रेरणा शर्मा, कैम्पस एम्बेसडर ने किया।

जिला निर्वाचन कार्यालय के मुकेश सिंह ठाकुर ने इस ऑनलाईन प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया को समझाया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थीं।




**समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: WWW.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16/08/2021

## /महाविद्यालय के ग्रंथालय विभाग द्वारा रंगनाथन जयंती का आयोजन/

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के ग्रंथालय विभाग द्वारा पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के जनक डॉ0 एस0 आर0 रंगनाथन जयंती मनाई गई। इस अवसर पर छात्राओं को ई–लाइब्रेरी के माध्यम से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई साथ ही पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस तननीकि युग में अध्ययनरत छात्राओं का बेहतर विकास हो सकेगा। कोरोना काल में वर्चुअल और ई–तकनीकि का बहुत विकास हुआ है। ग्रंथपाल श्रीमती रीता शर्मा ने कहा कि लॉकडाउन के समय में छात्राओं ने घर पर ही रहकर ई–लाइब्रेरी का भरपूर उपयोग किया और यह सुविधा उनके लिए लाभदायी सिद्ध हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ0 रेशमा लाकेश ने अपनी चार पुस्तकें ग्रंथालय को सौंपी। इस समारोह में ग्रंथालय समिति प्रभारी डॉ0 सुषमा यादव एवं सदस्य, आई0 क्यू0 ए0 सी0 संयोजक डॉ0 अमिता सहगल, श्री विकास पंचाक्षरी महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग छात्रायें एवं बुक लिफ्टर खोमान साहू और रवि श्रीवास उपस्थित थे। संचालन एवं आभार डॉ0 रीता शर्मा ने किया।

(श्रीमती रीता शर्मा)
ग्रंथपाल

(डॉ0 एस0 सी0 तिवारी)
प्राचार्य

/महाविद्यालय के ग्रंथालय विभाग द्वारा रंगनाथन जयंती का आयोजन/






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 09.05.2022

/प्रेस विज्ञप्ति/

# गर्ल्स कॉलेज में
# विश्व रेडक्रास दिवस आयोजित
# मानव सेवा ही सबसे बड़ी धरोहर है

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। यूथ रेडक्रास इकाई की प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि इस अवसर पर विचार संवाद कार्यक्रम तथा पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

संवाद कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि मानव सेवा ही हमारी सबसे बड़ी धरोहर है।

रेडक्रास के माध्यम से हम जो सेवा कार्य करते हैं वह हमारी उपलब्धि है। यूथ रेडक्रास के माध्यम से विद्यार्थियों ने कोविड–19 के लिए सेवा कार्य किए हैं, जो प्रसंशसनीय है।

इस अवसर पर आयोजित पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु0 नोहिल, एम0 एस–सी0 रसायनशास्त्र ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर एम0 एस–सी0 गणित की कु0 चन्द्रकला एवं पूर्णिमा बंजारे रहीं।

तृतीय पुरस्कार भी संयुक्त रूप से कु0 सुमेधा बनर्जी एवं हेमा साहू को मिला। निबंध प्रतियोगिता में कु0 श्वेता बंजारे प्रथम, कु0 सुमेधा बनर्जी एवं पूजा चौरसिया द्वितीय एवं कु0 घनश्यामला, कु0 कावेरी तृतीय रहीं।

सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन छात्राओं प्राध्यापकों ने किया तथा रेडक्रास की मानव सेवा को सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया था जिसे सराहा गया।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)